Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:04 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:47 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 216 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 19 फरवरी 2026



शादी की खबरों के बीच सजा...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### होटल में छापा: 12 बोर बंदूक व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



हल्द्वानी। शहर में शांति व्यवस्था व अपराध नियंत्रण के तहत चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान मंगलपड़ाव चौकी पुलिस ने एक होटल से अवैध असलहा बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है। बीती रात प्रभारी चौकी मंगल पड़ाव गौरव जोशी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं संदिग्ध व्यक्तियों के सत्यापन हेतु रवाना हुए। पुलिस टीम में कांस्टेबल कमलेश सिंह व कांस्टेबल भूपाल सिंह शामिल रहे। टीम टनकपुर रोड स्थित होटल 'कैलाश व्यू' में सत्यापन अभियान के तहत पहुंचे होटल प्रबंधक दिनेश सुयाल निवासी सुयालबाड़ी, थाना भवाली ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में होटल के कमरा संख्या 205 एवं 105 में व्यक्ति ठहरे हुए हैं। सूचना पर पुलिस टीम कमरा संख्या 205 में पहुंची। दरवाजा खटखटाने पर एक व्यक्ति ने दरवाजा खोला, जिसने अपना नाम पंकज सिंह विष्ट, पुत्र शंकर सिंह, निवासी ग्राम मोल्टा, थाना जोशीमठ, जिला चमोली बताया। सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, पैन कार्ड आदि दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। पुलिस ने जब उसके बैग की तलाशी ली तो बैग में एक 12 बोर सिंगल बैरल बंदूक बरामद हुई। साथ ही तीन जिंदा कारतूस भी बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी वैध लाइसेंस दिखाने में असमर्थ रहा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

## मौसम: मैदान में सामान्य हुआ तापमान, आज भी बारिश-बर्फबारी के आसार

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में मौसम बिगड़ा तो इसका असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिला। मैदानों में भी दिन भर बादल छाए रहने से ठंड का अहसास हुआ और तापमान सामान्य के आसपास दर्ज किया गया।

वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र ने बृहस्पतिवार को भी पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश व बर्फबारी होने की संभावना जताई है। केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 19 फरवरी को चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश व बर्फबारी हो सकती है। खासकर प्रदेश के 3300 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की ज्यादा संभावना है। अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और बर्फबारी होने के आसार हैं।



### बूंदाबांदी से बदला दिल्ली का मौसम, गिरा पारा

बुधवार को दिल्ली में तड़के हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे मौसम खुशनुमा हो गया और तेज हवाओं ने ठंडक बढ़ा दी। बीते 24 घंटे में दिन के तापमान में करीब 10 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले दो घंटों में दिल्ली-एनसीआर में फिर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

दिल्ली में पश्चिमी विक्षोभ का असर बुधवार को देखने को मिला। ऐसे में तड़के सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई और मौसम खुशनुमा हो गया है। सुबह से ही बादलों ने आसमान में डेरा जमाया था। तेज हवाओं ने ठंडक बढ़ा दी। ऐसे में लोगों को सर्दी का अहसास हुआ। हालांकि, सुबह के समय दफ्तर जाते समय लोग अपने आप को भीगने से बचाते हुए दिखाई दिए। बीते 24 घंटे में दिन के तापमान में लगभग 10 डिग्री सेल्सियस गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले 2 घंटों के दौरान दिल्ली के नरेला, बावाना और एनसीआर के गाजियाबाद, दादरी, ग्रेटर नोएडा, बल्लभगढ़ में हल्की से मध्यम बारिश और हल्की गरज, बिजली गिरने की संभावना जताई है। साथ ही 30-40 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चलने के आसार जताए हैं।

एआई समिट में पीएम का संबोधन

# भारत दुनिया में सबसे बड़ा टेक टैलेंट पूल का केंद्र: मोदी

नई दिल्ली
एजेंसी

एआई इंपैक्ट समिट में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हो रहे हैं। इससे पहले उन्होंने बुधवार को भी राष्ट्राध्यक्षों और अंतरराष्ट्रीय मेहमानों से मुलाकात की थी। पीएम मोदी ने टेक वर्ल्ड के दिग्गजों को संबोधित भी किया। उन्होंने देश की युवा प्रतिभा की जमकर सराहना की।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन के अंतिम हिस्से में कहा, मुझे आपको बताते हुए खुशी हो रही है कि इस समिट में तीन भारतीय कंपनियों ने अपने एआई मॉडल्स और एप लॉन्च किए हैं। ये युवाओं की प्रतिभा के सबूत हैं। भारत जो सॉल्यूशन दे रहा है, ये उसकी गहराई और विविधता के भी प्रतिबिंब हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत सेमीकंडक्टर और चिप मेकिंग से लेकर क्वांटम कंप्यूटिंग तक एक रेजिलिएंट इको सिस्टम बना रहा है। सिक्योर डाटा सेंटर, मजबूत आईटी बैकबोन, डायनेमिक स्टार्टअप इकोसिस्टम भारत को अफॉर्डेबल, स्केलेबल और सिक्योर एआई सॉल्यूशंस का नैचुरल हब बनाते हैं।




देश की ताकत को रेखांकित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भारत के पास डायवर्सिटी, डेमोग्राफी के साथ-साथ डेमोक्रेसी भी है। जो एआई मॉडल भारत में सफल होता है, उसे वैश्विक स्तर पर भी आजमाया जा सकता है। उन्होंने टेक वर्ल्ड के दिग्गजों से भारत में निवेश का आह्वान करते हुए कहा, डिजाइन एंड डेवलप इन इंडिया, डिलिवर टू द वर्ल्ड, डिलिवर टू दी ह्युमैनिटी। प्रधानमंत्री मोदी ने खाद्य पैकेटों पर मौजूद पोषण संबंधी लेबल की तर्ज पर एआई सामग्री के लिए भी प्रामाणिकता वाले लेबल लगाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि कुछ लोग एआई से डरते हैं, कुछ लोग इसमें भविष्य देखते हैं। भारत एआई में भविष्य देखता है।

प्रधानमंत्री ने मेड इन इंडिया और देश की युवा प्रतिभा को वैश्विक मंच पर रेखांकित करते हुए कहा, भारत में सफल होने वाला कोई भी एआई मॉडल दुनिया में कहीं भी इस्तेमाल किया जा सकता है। हमें एआई का लोकतंत्रीकरण कर ये सुनिश्चित करना होगा कि मनुष्य केवल डेटा प्वाइंट या रॉ मैटेरियल न बन जाए। उन्होंने कहा कि हमें एआई को खुली छूट देनी होगी, लेकिन साथ ही हमें इसकी बागडोर अपने हाथों में रखनी होगी।

## हादसा: औरैया जिले में नहर में गिरी कार, महिला समेत तीन की डूबने से मौत

औरैया/यूपी
एजेंसी

उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। कार गंग नहर में गिरने से यह हादसा हुआ।

**दुःखद**
- ग्रामीणों ने नहर में एक कार पड़ी देखी, देर रात हुआ हादसा

यूपी के औरैया जिले के अछल्दा थाना इलाके के तुरुकपुर गांव के नजदीक निकली निचली गंग नहर में एक कार गिर गई। इस भीषण दुर्घटना में एक महिला और दो पुरुषों सहित कुल तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई। यह घटना रात के समय बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के नीचे से निकली नहर में हुई, जब कार इटावा की तरफ जा रही थी। सुबह के समय ग्रामीणों ने नहर में एक कार पड़ी देखी। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पंकज मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कार को नहर से बाहर निकलवाया। कार के अंदर से तीन लोगों के शव बरामद हुए। इस दुर्घटना की जानकारी मिलने पर सिंचाई विभाग ने एहतियातन नहर का पानी बंद करवा दिया है। मृतकों की पहचान राजीव कुमार गुप्ता (50), पत्नी मधू गुप्ता (48), शुभम गुप्ता (27) निवासीगण भरथना इटावा के रूप में हुई है।



## तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से युवक की मौत, नाबालिग गंभीर

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

भीषण सड़क हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका 14 वर्षीय चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब दोनों युवक मंडी से लौट रहे थे और सिसौना, कल्याणपुर के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान अमर सिंह (23) पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम मैदना, न्यूरिया, जनपद पीलीभीत के रूप में हुई है। वह रुद्रपुर सिडकुल स्थित एक कंपनी में कार्यरत था। बताया गया है कि अमर अपने बड़े भाई की 23 फरवरी को प्रस्तावित शादी की तैयारियों के सिलसिले में हल्द्वानी आया था। लौटते समय डंपर की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने अमर सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं, उसका चचेरा भाई गौतम सिंह (14) का उपचार जारी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## हड़कंप: दून जिला न्यायालय को फिर बम से उड़ाने की धमकी

देहरादून
हमारे संवाददाता

दून जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली आज फिर मिली है। बिना देरी के कोर्ट परिसर को तुरंत खाली करा दिया गया है।

दून जिला न्यायालय को आज फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। कोर्ट परिसर को तत्काल खाली कराया गया। जांच के लिए बम निरोधक दस्ता की टीम पहुंची है। बुधवार को भी दुन कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिला था। नैनीताल, उत्तरकाशी, टिहरी और रुद्रप्रयाग के बाद देहरादून जिला न्यायालय परिसर को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली। जिला जज को आए ई-मेल के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और पूरे परिसर को खाली करा दिया गया।




बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वाड के साथ पुलिस ने परिसर में सर्च ऑपरेशन चलाया। बुधवार को भी जज, स्टाफ, अधिवक्ता समेत न्यायालय परिसर में मौजूद सभी लोगों को बाहर निकाला गया। करीब दो घंटे की इस भारी भरकम कसरत के बाद पुलिस को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद सभी ने राहत की सांस ली। इस दौरान कचहरी में कामकाज पूरी तरह बंद रहा।

**दुस्साहस**
- कोर्ट परिसर खाली कराया, बम निरोधक दस्ता टीम पहुंची

बुधवार करीब 12.30 बजे तलाशी के लिए बिल्डिंग के अंदर गई टीमें बाहर आ गई। इसके बाद ही लोगों को अंदर जाने की अनुमति दी गई। बम की तलाशी के लिए इमारतों के अंदर गई और कोने-कोने में जांच की गई। पुलिस अधिकारियों से लेकर अधिवक्ताओं तक सबके चेहरे पर तनाव झलक रहा था। सर्च टीमें बाहर आई तो उन्होंने चेहरे पर मुस्कान लिए हाथ से सब कुछ सामान्य होने का इशारा किया। टीम के इस इशारे को देखकर हर किसी ने राहत की सांस ली और थोड़ी देर बाद सभी अपने-अपने काम पर लौट गए।

# वनाग्नि रोकने के लिए वन महकमे ने किया मॉक ड्रिल

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल के उप वन संरक्षक आकाश गंगवार के निर्देशन में बुधवार को आगामी वनाग्निकाल की तैयारी हेतु प्रभाग स्तर पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

मॉक ड्रिल में ममता चन्द (इनसीडेन्ट कमाण्डर/उप प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल वन प्रभाग) के निर्देशन में विभिन्न टास्क फोर्स का गठन किया गया जिसमें जिला प्रशासन, अन्य संबन्धित रेखीय विभागों ( स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, पेयजल निगम, बाल विकास, पशुपालन तथा पुलिस, एन0डी0 आर0एफ 0, एस0डी0 आर0एफ 0, होमगार्ड उत्तराखंड, रिजर्व पुलिस बल, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की तरफ से एनसीसी कैडेट्स व राजकीय औद्योगिक संस्थान पाईन्स व महिला स्वयं सहायता समूह ग्राम जोखिया एवं लगभग 200 अधिकारियों तथा स्टाफ ) द्वारा प्रतिभाग किया गया।





टास्क फ ोर्स के लीडर के रूप में वन क्षेत्र अधिकारी ललित मोहन कार्की, विजय भट्ट, योगेश चंद तिवारी, मनोज भगत, आनंद लाल व प्रशिक्षु वन क्षेत्राधिकारी अभय जोशी उपस्थित रहे।मॉक ड्रिल के दौरान अपर जिलाधिकारी नैनीताल विवेक राय, एसपी सिटी क्राइम डा. जगदीश चंद्रा, मेजर मनोज जोशी, लक्ष्मण थपियाल, फ ायर बिग्रेड से देवेंद्र सिंह नेगी, स्वास्थ्य विभाग के डॉ0 प्रशान्त ओली, वायु सेना भवाली से अभिषेक दुबे, पुलिस संचार विभाग से डी0सी0आर0 आनन्द मोहन पन्त, ए0एस0पी0आई0पी0टी0 गोविन्द सिंह, एच0सी0पी0टी0 वसीम अहमद, पशुपालन विभाग से पशु चिकित्सक डॉ0 स्वर्णा भोज, पशुधन प्रसार अधिकारी अनिल कुमार शर्मा, जिला पंचायत से विजय के0एस0, टैक्स ऑफ सर सुश्री नीतू सिंह, जे0ई0 विद्युत विभाग से पर्यंक पाण्डे, एस0डी0ओ0 विक्रम सिंह बिष्ट, जे0ई0 उत्तराखण्ड होमगार्ड से चेतन मेठानी, इन्सपेटर पंचायती राज से आर.0पी.0 टमटा आदि अधिकारी गण उपस्थित रहे। मॉक ड्रिल के दौरान मॉक ड्रिल के क्रियान्वय हेतु स्टेजिंग एरिया से सभी दलों को इनसीडेन्ट कमांडर के द्वारा पोस्ट की ओर रवाना किया गया, स्टेजिंग एरिया में समस्त फ ायर उपकरणों, फायर हॉन्टेड एवं जल संस्थान के टैंकर, फ ायर ब्रिगेड के वाहन एवं समस्त फ ायर उपकरणों की व्यवस्था वन विभाग एवं समस्त रेखीय विभागों द्वारा सुनिश्चित की गई। वायरलेस सिस्टम, बेस सिस्टम, रेंज कंट्रोल रूम, मास्टर कंट्रोल रूम, नैना पीक रिपीटर सेंटर तथा आई0सी0सी0सी0 सेंटर देहरादून से पूरी मॉक ड्रिल के दौरान समन्वय स्थापित कर सूचनाओं का आदान-प्रदान किया गया। इससे पूर्व बुधवार को प्रात: काल सूचना मिली कि नैना वन रेंज के लडियाकांटा बीट के कक्ष संख्या 3 तथा 4 में किसी व्यकि की लापरवाही से आग लग गई है जिस पर सूचना पाते ही विभिन्न टीमों द्वारा मौके पर पहुंचकर वनाग्नि नियंत्रण का कार्य फायर लाइन कंट्रोल फायर देकर लगभग 20 मिनट रिस्पांस टाइम में वनाग्नि साईट में पहुंचकर वनाग्नि को नियंत्रित किया गया।

उक्त वनाग्नि में घायल व्यक्तियों को तत्काल स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा प्राथमिक उपचार देकर आगे के इलाज के लिए राजकीय बी0डी0 पांडे चिकित्सालय नैनीताल को रेफर किया गया। संचार केंद्र में वन विभाग की टीम के साथ पुलिस संचार केंद्र भी सक्रिय रहा।



# राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने किया पौधारोपण

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान बुधवार को 583वे दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान के 583वे दिन पिथौरागढ़ में उत्तराखंड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गिरीश जोशी के नेतृत्व में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया।दिनेश गुरु रानी ने कहा की 21 फ रवरी को पिथौरागढ़ में उत्तराखंड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीयअध्यक्ष आशीष नेगी की रैली को सफल बनाने के लिए व्यापक विचार विमर्श भी किया गया। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि वंचित राज्य आंदोलनकारियों का शीघ्र चिन्हीकरण किया जाए।

यूकेडी के जिला महामंत्री मदन पोखरिया ने कहा कि रैली को सफल बनाने के लिए जनपद में संपर्क किया जा रहा है। दल के नेता महेश पाल ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल के प्रति लोगों का जुड़ाव हो रहा है। बैठक में डीडीहाट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुनील शाह, हरिओम मुनोला, भूपेंद्र सिंह ज्याला, दीवान सिंह कठायत सहित कई लोग उपस्थित रहे। गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

# तिब्बती समुदाय का तीन दिनी नव वर्ष लोसर का आज से आगाज

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल में तिब्बती समुदाय का तीन दिवसीय नव वर्ष लोसर का आगाज मंगलवार से शुरु हो गया है।

बता दें यह साल तिबबती राजा वर्ष 2153 है, जिसका तत्व अग्नि और प्रतीक चिन्ह घोड़ा है और लिंग स्त्री है। यह वर्ष तिबबती कैलेंडर के हिसाब से अग्नि स्त्री घोड़ा तिबबती राजा वर्ष 2153 का होगा। लोसर के तहत मंगलवार को पहले दिन प्रात: सभी पूरे परिवार के साथ सब से पहले घर के मंदिर में एकत्र होकर बारी बारी सभी भगवान और देवी देवताओं और अपने पूज्य लामाओं को नववर्ष की हार्दिक बधाई चुटकी भर साधु के भोग हवा में उछालकर और मंदिर पर खातक चढ़ाते हुए ही अपने मनोकामनाएं पूर्ण होने की आशीर्वाद भी मांगा। इस दौरान सभी सदस्यों ने एक दूसरे को लोसर की बधाई दी। पारंपरिक नाश्ते में तिबबती मकखन वाली नमकीन चाय और मीठा चावल ड्रेसिल खाया और पारंपरिक तौर पर थोड़ा थोड़ा उबला हुआ चांग का सूप पिया। पहले दिन सिर्फ रिश्तेदारों के घर बधाई दी और बौद्ध मठ में दर्शन और बधाई दी।




लोसर के दूसरे दिन यानी बीरवार को अब तिबबती समुदाय के लोग दूसरों के घर बधाई देने जाएगें। नव बर्ष लोसर के तहत तीसरे दिन यानी शुक्रवार को सुख निवास स्थित बोध मठ में विश्व शांति, नगर की उन्नती, शांति खुशी और भाईचारा के लिए सामूहिक पूजा होगी। पूजा में परम पूज्य दलाई लामा जी की दीर्घायु तथा मंगल स्वस्थ और मंगलकामनाएं पूर्ण होने के लिए प्रार्थना भी की जाएगी। इस दौरान पारंपरिक तौर पर मठ के आगे लगे हुए बड़ा ध्वज को भी बदला जाएगा। लोसर के शुभ अवसर पर तिबबती और भोटिया मार्केट तीन दिन के लिए पूर्ण रूप से बन्द रहेगी। दुकानें अब शनिवार यानी 21 फरवरी को खुलेगी।

## NEWS / फटाफट

### बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उठाई सुरक्षा की मांग



**नैनीताल** । नैनीताल में लगातार दो दिनों से मिल रही ई-मेल धमकियों के बाद जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गहरी चिंता जताते हुवे जिला जज को पत्र भेजकर तत्काल उचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। जिला बार संघ के सचिव दीपक रूवाली ने बुधवार को जिला जज को सौंपे पत्र में कहा कि पिछले दो दिनों से अज्ञात स्रोतों से ई-मेल के माध्यम से धमकियां दी जा रही हैं, इसके बावजूद न्यायालय परिसर में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही है जिससे अधिवक्ताओं समेत न्यायालय कर्मचारियों तथा वादकारियों में भय का वातावरण व्याप्त है। पत्र में कहा गया है कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए न्यायालय परिसर में कड़े और प्रभावी सुरक्षा प्रबंध किए जाना अत्यंत आवश्यक है। रूबाली समेत बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिला जज से अनुरोध किया है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर न्यायालय परिसर की सुरक्षा तत्काल सुनिश्चित कराई जाए ताकि सभी न्यायिक कार्य सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सकें।

### संगीत बंद करने को कहा तो पड़ोसी को कमरे में बंद कर पीटा

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल में सेवानिवृत शिक्षक ने पड़ोसी से देर रात संगीत बंद करने को कहा तो पड़ोसी ने उनको पीट दिया। शिक्षक की ओर से कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी डा. प्रहलाद की ओर से कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि वह अमरालय क्षेत्र में किराये के मकान में रहते हैं। उनके पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति अकसर कमरे में तेज आवाज में संगीत बजाता है। साथ ही गाली गलौच करता है। बीती रात 11 बजे जब पड़ोसी ने संगीत बंद नहीं किया तो उसने कमरे के बाहर जाकर संगीत बंद करने की बात कही। जिस पर पड़ोसी ने उनको कमरे के भीतर खींच मारपीट कर दी। चिल्लाने की आवाज सुन परिजनों ने बीच बचाव कर उसकी जान बचाई। रात ही उसने 112 पर पुलिस को मारपीट की सूचना देने के साथ उपचार कराया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# आज से शुरु होंगे मुसलिम समुदाय के रोजे

**नैनीताल/हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

इस्लाम धर्म का पवित्र महीना रमजान गुरुवार (आज) से शुरू हो रहा है। इस्लामिक कैलेंडर का यह नौवां महीना आत्मशुद्धि, इबादत, संयम और दान पुण्य के लिए विशेष माना जाता है। चांद दिखने के बाद ही रमजान की शुरुआत होती है। मल्लीताल मस्जिद में तैनात शहर इमाम मुफती अजमल काशमी ने बताया कि चांद नजर आने के बाद गुरुवार (आज) से रोजे शुरू हो जाएंगें।

आमतौर पर रमजान में 29 या 30 रोजे होते हैं। इस बार 30 रोजे होने के आसार हैं। 20 मार्च को 30वां रोजा रखा जाएगा और 21 मार्च को ईद मनाई जाएगी। उसी दिन इस्लामिक कैलेंडर के दसवें महीने शव्वाल की पहली तारीख होगी जिस दिन ईद उल.फितर का पर्व मनाया जाता है।



रमजान के पूरे महीने मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं। सूर्योदय से पहले सहरी करने के बाद दिनभर बिना कुछ खाए पीए अल्लाह की इबादत की जाती है और सूर्यास्त के समय इफतार के साथ रोजा खोला जाता है। यह केवल भूखे प्यासे रहने का ही नहीं बल्कि मन व वचन और कर्म से संयम रखने का भी समय है इस महीने में पांच वक्त की नमाज के साथ तरावीह और कुरआन की तिलावत का विशेष महत्त्व होता है। रमजान को दान पुण्य का महीना भी कहा जाता है।

जरूरतमंदों की मदद करना, जकात और फि तरा अदा करना तथा सामूहिक इफतार का आयोजन करना सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को मजबूत बनाता है।

# डीएसबी परिसर नैनीताल व एमबीपीजी हल्द्वानी ने बाजी मारी

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

डीएसबी परिसर कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय ताइक्वांडो (महिला/पुरुष प्रतियोगिता) 2025-26 का सफल आयोजन डीएसए ग्राउंड नैनीताल में हुआ।

इससे पूर्व प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ मुखय अतिथि प्रो. नीता बोरा शर्मा निदेशक डीएसबी परिसर नैनीताल द्वारा किया गया जबकि समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुखय अतिथि के रूप में प्रो. ललित तिवारी विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान एवं प्रभारी डीएसडबलू रहे। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में डीएसबी कैंपस नैनीताल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि महिला वर्ग में एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी विजेता रही। उपविजेता महिला वर्ग में एसबीएस पीजी कॉलेज रुद्रपुर तथा राधे हरी कॉलेज काशीपुर उपविजेता रहे। व्यक्तिगत कामयाबियों के क्रम में स्वर्ण पदक महिला वर्ग तनुजा बिष्ट



,सुनीता आर्या,बीना बसेरा,संजना रावत,पायल जोशी, प्रियांशी और मानसी रहे जबकि पुरुष वर्ग में हनुमंत, तनुज नेगी,अंकित यादव,सचिन बाफिला,साहिल चंद,चित्रांग बिष्ट, मानस ननवाल और तजिंदर शर्मा रहे,वहीं प्रतियोगिता में गीता आर्या, अमीषा मंडल, रिया जोशी, काजल आर्या, हिमानी आर्या, आदर्श कुमार, विभोर भट्ट तथा विवेक चंद्रा, ध्रुव, लक्ष्मण आर्या और पीयूष रावत ने रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। कुमाऊं विवि के प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी व सचिव क्रीड़ा परिषद डॉ. संतोष कुमार के द्वारा अवगत कराया गया की यह टीम अगले माह उड़ीसा तथा पंजाब में होने वाली अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। इस अवसर पर डॉ. बी के सिंह, डॉ. राजेश कुमार, डा. सुरेन्द्र सिंह नेगी, डॉ. सुदर्शन सिंह कुमार, डॉ. हेमा पांडे, डॉ. विकास रंजन, डॉ. संजय टमटा, अनीता बोरा, अपूर्वा बिष्ट, शिखा बिष्ट और अतुल चंद्रा शामिल थे,प्रतियोगिता को सफल बनाने में लाल सिंह बिष्ट ने भी अहम योगदान दिया।

# अभिमत



## जागना होगा हमें!

*मोबाइल का सदुपयोग जिंदगी को सुविधाजनक तथा कामकाज को शीघ्र पूरा करने में सहायक है, जबकि दुरुपयोग से मोबाइल मौत का जरिया है। गाजियाबाद में नौवीं मंजिल से कूदकर तीन बहनों द्वारा मरने की घटना को सिर्फ 'आत्महत्या' कह देना उचित नहीं होगा। समाज के हर वर्ग को जागना होगा, खास तौर से अभिभावकों को इस घटना ने झकझोर दिया है। मोबाइल के दुरुपयोग से पूरी दुनिया में अपराध बढ़ने के साथ अनगिनत लोग मर चुके हैं। भारत में यह सबसे दर्दनाक हादसा है। विश्व के अनेक देशों ने बच्चों के मोबाइल इस्तेमाल पर रोक लगा दी है।*

वैज्ञानिक युग में मोबाइल फोन के बिना रहने की कल्पना करना कठिन है। शिक्षित और धनाढ्य वर्ग से लेकर अशिक्षित तथा गरीब तक के पास मोबाइल फोन है। मोबाइल का सदुपयोग जिंदगी को सुविधाजनक तथा कामकाज को शीघ्र पूरा करने में सहायक है, जबकि दुरुपयोग से मोबाइल मौत का जरिया है। गाजियाबाद में नौवीं मंजिल से कूदकर तीन बहनों द्वारा मरने की घटना को सिर्फ 'आत्महत्या' कह देना उचित नहीं होगा। समाज के हर वर्ग को जागना होगा, खास तौर से अभिभावकों को इस घटना ने झकझोर दिया है। मोबाइल के दुरुपयोग से पूरी दुनिया में अपराध बढ़ने के साथ अनगिनत लोग मर चुके हैं। भारत में यह सबसे दर्दनाक हादसा है। विश्व के अनेक देशों ने बच्चों के मोबाइल इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। भारत में सरकार की नींद इस हादसे के बाद टूटने की उम्मीद है। भारत में बच्चों के अलावा वयस्क भी मोबाइल के दुरुपयोग से अपराध की दुनिया में प्रवेश करके भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। ऑनलाइन जुआ हो रहा है। अनेक युवा और किशोर उम्र के विद्यार्थी गेमिंग के नाम पर जुए में लाखों रुपये गंवा चुके हैं। अंत में माता-पिता के नाम सुसाइड नोट लिखकर जीवन समाप्त कर लेते हैं। क्रिकेट ने भारत के अन्य खेलों की एक तरह से हत्या कर दी है। पैसा कमाने के लिए क्रिकेट खिलाड़ियों की बोली दौड़ के लिए घोड़े खरीदने की तरह लगती है। खिलाड़ी इस तरह बिकने में लज्जा महसूस नहीं करते, बल्कि गर्व करते हैं। इससे पहले मैच होने पर सट्टेबाजी हुआ करती थी। सट्टेबाज मैच फिक्सिंग करते थे। कई खिलाड़ी मैच फिक्सिंग के दोषी पाये गये थे। अब तो ऑनलाइन टीम बनाने के नाम पर जुआ खेला जा रहा है। जुआ ऑनलाइन होने पर अपराध की सूची से अलग नहीं हो सकता है। टैक्स की वसूली के लालच में ऑनलाइन जुए पर रोक नहीं लगाई गई है। दो से पांच साल के बच्चे जिस उम्र में चंदा मामा और अन्य शिक्षाप्रद कहानियां दादा-दादी, नाना-नानी से सुनकर संस्कारवान होते थे, उस उम्र में मोबाइल पर कार्टून तथा गेम देखकर मोबाइल के लती हो रहे हैं। नाबालिग छात्र-छात्राओं से अभिभावकों ने मोबाइल छीन लिया तो आत्मघाती कदम उठाने से नहीं हिचकते हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त करके भविष्य सुधारने वाले किशोर और युवाओं को मोबाइल की शैक्षणिक जरूरत है, लत नहीं। कोरोना महामारी के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई में मोबाइल आवश्यकता था। अब स्थिति सामान्य है तो छात्रों की जरूरत अभिभावक के मोबाइल से पूरी हो सकती है। सरकार के साथ अभिभावकों को अब निर्णायक कदम उठाना होगा।

# अतिरिक्त भुगतान की वसूली केवल विशेष परिस्थितियों में ही की जा सकती है: हाईकोर्ट

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सेवानिवृत वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी के विरुद्ध जारी रिकबरी आदेश पर न्यायिक सिद्धांतों का पालन करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए हैं । कोर्ट ने कहा है कि अतिरिक्त भुगतान की वसूली केवल विशेष परिस्थितियों में ही की जा सकती है।

न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में टनकपुर संयुक्त अस्पताल से 31 जुलाई 2024 को सेवानिवृत वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी तारावती निषाद की ओर से बताया गया कि उन्हें मुखय चिकित्सा अधीक्षक संयुक्त चिकित्सालय टनकपुर द्वारा रिकबरी आदेश दिया गया है ।

इस मामले में विभागीय अधिकारियों की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता को त्रुटिवश अधिक वेतन दे दिया गया था जिसकी वसूली की जानी है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ने तर्क दिया कि उन्होंने किसी प्रकार का छल, कपट या मिथ्या प्रस्तुतीकरण नहीं किया और न ही अतिरिक्त राशि प्राप्त करने के लिए कोई धोखाधड़ी की। यह भी कहा गया कि वसूली आदेश पारित करने से पूर्व उन्हें सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया। इस संदर्भ में अधिवक्ता ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय भी कोर्ट में प्रस्तुत किये।

न्यायालय ने अपने पूर्व निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि किसी कर्मचारी से अतिरिक्त भुगतान की वसूली तभी की जा सकती है जब कर्मचारी स्वयं उस अधिक भुगतान के लिए उत्तरदायी हो जैसे कि उसने धोखाधड़ी या छलपूर्ण आचरण किया हो अथवा उसने वेतन निर्धारण के समय यह लिखित आश्वासन दिया हो कि यदि भुगतान की गई राशि अधिक पाई जाती है तो वह उसे वापस करेगा। उक्त सिद्धांतों के आलोक में न्यायालय ने वर्तमान याचिका का निस्तारण पूर्व निर्णय के अनुरूप करते हुए कहा कि यदि उपरोक्त दोनों में से कोई भी शर्त पूरी नहीं होती है तो वसूली नहीं की जा सकती। साथ ही यदि याचिकाकर्ता के कोई स्वीकृत बकाया देय हों तो उन्हें प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने की तिथि से आठ सप्ताह के भीतर अदा किया जाए।

## फर्जी मयूचुअल कंपनी पर कार्रवाई न होने पर एसएसपी से की शिकायत

**हल्द्वानी।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में संचालित एक फर्जी मयूचुअल कंपनी की ओर से कई लोगों से लाखों रुपये की ठगी के मामले में ठोस कार्रवाई न होने पर पीड़ितों ने आक्रोश जताया है। मामले में एक पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत कर विवेचना में लापरवाही पर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता सावित्री देवी ने एसएसपी से शिकायत करते हुए कहा है कि वर्ष 2019-20 में भूमि सेल्स इंडिया लिमिटेड नाम से एक कंपनी खोली गई थी। जिसे बाद में सरल भूमि कोऑपरेटिव अर्धन प्रॉफिट क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड और फिर यूजीबी म्मयूचुअल निधि लिमिटेड के नाम से संचालित किया गया। महिला ने आरोप लगाया है कि कंपनी के डायरेक्टर समेत सात लोगों ने निवेश के नाम पर लोगों से धनराशि जमा कराई और बाद में फरार हो गए। इस मामले में अगस्त 2020 में थाना मल्लीताल में मुकदमा दर्ज कराया गया था। विवेचक की ओर से सरसरी विवेचना करते हुए अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर दी गई जिसे न्यायालय ने 10 जून 2022 को खारिज कर पुनः विवेचना के आदेश दिए थे। पीड़िता का आरोप है कि इसी कंपनी के खिलाफ थाना खटीमा में भी वर्ष 2019 में मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमें अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी थी और वे वर्तमान में जमानत पर हैं।

## कैबिनेट में आएगा राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेताओं के लिए सीधे नौकरी का प्रस्ताव

**देहरादून।** 38वें राष्ट्रीय खेलों के 243 पदक विजेताओं को नौकरी दी जानी है। खिलाड़ियों ने 24 स्वर्ण, 35 रजत और 44 कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में सातवां स्थान प्राप्त किया। सरकार की ओर से नई खेल नीति में पदक विजेताओं के लिए आउट ऑफ टर्न नौकरी की व्यवस्था की है।

38वें राष्ट्रीय खेलों के 243 पदक विजेताओं को सीधे नौकरी का प्रस्ताव इस महीने 25 फरवरी को कैबिनेट में आ सकता है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आउट ऑफ टर्न जॉब का प्रस्ताव कैबिनेट में लाने का आश्वासन दिया है। प्रदेश में पिछले साल हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में मेजबान उत्तराखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। खिलाड़ियों ने 24 स्वर्ण, 35 रजत और 44 कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में सातवां स्थान प्राप्त किया। सरकार की ओर से नई खेल नीति में पदक विजेताओं के लिए आउट ऑफ टर्न नौकरी की व्यवस्था की है। प्रदेश में पिछले साल हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में मेजबान उत्तराखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा।

# साक्षरता, जागरूकता व चिकत्सा शिविर का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में सिविल जज (सी0डि0/ सचिव) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्रीमती पारुल थपलियाल के द्वारा राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय मझेडा डोबा ग्राम में विधिक साक्षरता व जगरूकता एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम प्रधानचार्य और ग्राम प्रधान द्वारा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का स्वागत किया गया जिसके उपरांत छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई।

शिविर में सिविल जज (सी0डि0)/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्य प्रणाली के बारे मे बताया और यह जागृति नालसा योजना 2025 राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा शुरू की गई एक पहल है जो जमीनी स्तर पर कानूनी साक्षरता और जागरूकता को मजबूत करती है। यह योजना स्थानीय स्वशासन निकायों और सामुदायिक बुनियादी ढांचे को कानूनी सेवा संस्थानों के साथ जोड़कर नागरिकों को न्याय के करीब लाती है। जमीनी स्तर पर सूचना और पारदर्शिता के माध्यम से कानूनी जागरूकता फैलाना और सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करनाएकानूनी सेवाओं, अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करना विशेषकर उन लोगों को जो कानूनी सहायता के लिए पात्र हैं। शिविर में महिला प्रतिकर योजना, घरेलू हिसा संरक्षण अधिनियम, मोटर वाहन एकट अन्य कानूनी जानकारी भी दी गई। चिकित्सा विभाग से डा. अनिल गंगवार,दीपक सती, डा योगेश एगिरा, फ र्मेसिस्ट रेखा चिलवाल,एएनम द्वारा ग्रामवासियों का चिकित्सा परीक्षण करा गया। शिविर मे महेन्द्र सिंह प्रधानाचार्य मझेडा समेत कमला नेगी प्रधानाचार्य डोबा यशवंत कुमार, संजय कुमार तथा रंजना पांडे मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## शादी की खबरों के बीच सज गया विजय देवरकोंडा का घर





*साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी को लेकर अटकलें लंबे समय से लग रही हैं। इसी महीने दोनों शादी के बंधन में बंध सकते हैं। इन्हीं खबरों के बीच विजय देवरकोंडा का घर सजा हुआ नजर आया। विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना काफी वक्त से रिलेशनशिप में हैं। दोनों को कई बार साथ में देखा जाता है। 26 फरवरी को इनकी शादी हो सकती है, यह बात कई मीडिया रिपोर्ट्स में सामने आ रही है। लेकिन अब तक दोनों एक्टर्स ने शादी को लेकर कुछ नहीं कहा है। लेकिन विजय देवरकोंडा का घर सजा देखकर फैंस को अंदेशा हो गया है कि सच में वह रश्मिका मंदाना से शादी करने वाले हैं। सोशल मीडिया पर विजय देवरकोंडा के घर के कई वीडियो वायरल हैं, जिसमें पूरा घर लाइट्स से सजा है। शादी वाले घर की तरह की इसे सजाया गया है। यह वीडियो देखकर फैंस भी विजय और रश्मिका के लिए खुश नजर आए। सोशल मीडिया पर कई फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं। एक तरफ विजय देवरकोंडा का घर पूरी तरह से सज गया है। वहीं रश्मिका का भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें वह एयरपोर्ट पर सादगी भरे अंदाज में नजर आईं। इस वीडियो को देखकर अटकलें लग रही हैं कि वह अपनी शादी के लिए उदयपुर जा रही हैं।*

### करियर फ्रंट पर

*दिसंबर महीने में एचटी सिटी की एक खबर के अनुसार रश्मिका और विजय देवरकोंडा 26 फरवरी 2026 को राजस्थान के उदयपुर में शादी करने वाले हैं। कपल ने शादी के लिए एक शाही विरासत महल को चुना था, जहां सिर्फ परिवार के सदस्य और बेहद करीबी दोस्त ही शामिल होंगे।*

# प्रसिद्ध कैंची धाम में गड़बड़ियों का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



देवभूमि उत्तराखंड के प्रसिद्ध कैंची धाम में गड़बड़ियों के मामले में हाईकोर्ट ने अधिवक्ता धर्मेंद्र बर्थवाल को न्यायमित्र अधिवक्ता नियुक्त किया है और सरकार, डीएम नैनीताल सहित अन्य से पक्षकारों से जवाब मांगा है।

मामले की अगली सुनवाई हेतु 4 सप्ताह की तिथि नियत की है, साथ में कोर्ट ने रजिस्ट्री से कहा है कि जनहित याचिका की प्रति न्यायमित्र को मुहैया कराएं। मामले की सुनवाई मुखय न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई। बता दें पिथौरागढ़ निवासी ठाकुर सिंह डसीला की ओर से भेजे गए पत्र पर हाईकोर्ट ने इस मामले में जनहित याचिका दायर की है इसमें कहा गया है कि बाबा नीम करौली द्वारा स्थापित इस पवित्र धाम का संचालन करने वाले ट्रस्ट के बारे में मूलभूत जानकारी भी मुहैया नहीं हैं। मंदिर ट्रस्ट का नाम, पंजीकरण, कार्यालय का पता तथा ट्रस्टियों की संखया और नियुक्ति संबंधी जानकारी स्थानीय प्रशासन और रजिस्ट्रार कार्यालय में मौजूद नहीं है। कहा है कि यहां के करोड़ों रुपये के चढ़ावा और आय-व्यय का खुलासा नहीं किया जाता। विदेशी श्रद्धालुओं की बड़ी संखया को देखते हुए विदेशी श्रद्धालुओं के एफ सीआरए, लेखा जोखा और ऑडिट रिपोर्ट जारी न करने पर भी सवाल उठाए गए हैं। कहा गया है कि बदरीनाथ-केदारनाथ धाम का संचालन एक अधिनियम तथा जागेश्वर मंदिर का प्रबंधन जिला प्रशासन की निगरानी में एक समिति के माध्यम से होता है। देशभर में भी मंदिरों में निगरानी की ठोस व्यवस्था है।यह भी कहा गया है कि धार्मिक ट्रस्टों का पंजीकरण भारतीय ट्रस्ट अधिनियम -1882 के तहत होता है इसलिए ट्रस्ट, पंजीकरण तथा ट्रस्टियों के संबंध में जानकारी, संपत्ति और वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट जारी की जानी चाहिए।

# पंतनगर में हिंदुस्तान जिंक के सहयोग से सखी उत्सव का भव्य आयोजन




**पंतनगर**

हमारे संवाददाता

हिंदुस्तान जिंक के पंतनगर प्लांट द्वारा सीएसआर पहल के अंतर्गत आयोजित सखी उत्सव कार्यक्रम में 1300 से अधिक सखियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

यह कार्यक्रम हिंदुस्तान जिंक के सहयोग से मंजरी फाउंडेशन द्वारा संचालित सामुदायिक विकास की श्सखी परियोजनाश् के अंतर्गत आयोजित किया गया।कार्यक्रम में सखी परियोजना के बारे में जानकारी देते हुए मेटल प्लांट की हेड सीएसआर नम्रा ने बताया कि यह परियोजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनानेए आजीविका के अवसर उपलबध कराने तथा सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। परियोजना से जुड़ी महिलाएं विभिन्न आजीविका संबंधी कार्यों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं और अपने परिवार एवं समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

मुखय अतिथि के रूप में पंतनगर प्लांट की निदेशक अनामिका झा व उप निदेशक श्री नीरज कुमार एवं एचआर प्रतिनिधि रितिका जी उपस्थित रहे। निदेशक अनामिका झा ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहाए श्जब तक हम स्वयं आगे बढने् का संकल्प नहीं लेतेए तब तक कोई हमें आगे नहीं बढ़ा सकता। हम पूरी तरह से आपके साथ हैं और आपके बेहतर भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह सखी उत्सव दुनिया तक पहुंचेए यही हमारी कामना है।कार्यक्रम में ऊधम सिंह नगर की डीण्पीण्ओण् श्रीमती व्योमा जैन ने महिलाओं के अधिकारों तथा पाकसो एक्ट के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की और आग्रह किया कि यह जागरूकता प्रत्येक घर तक पहुंचाई जाए।

सखी उमंग सोसाइटी की अध्यक्ष श्रीमती रिहाना जी ने फेडरेशन द्वारा दिए जा रहे ऋण तथा बयाज दरों एवं विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। वहीं मंजरी पंतनगर की टीम लीडर श्रीमती खैरुल जी ने अपने संबोधन में बताया कि परियोजना के माध्यम से बैंक द्वारा अब तक 5 करोड़ 11 लाख रुपये का ऋण वितरित किया जा चुका हैए जिसमें उच्च शिक्षा हेतु ऋण भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से महिलाओं के सममान में वृद्धि हुई है तथा लिंग भेदभाव में कमी आई है। महिलाओं का सममान ही महिलाओं का सबसे बड़ा सममान है उन्होंने कहा।सखी उत्सव के दौरान दीदियों ने अपने जीवन में आए आर्थिक एवं सामाजिक बदलावों को साझा किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भोजपुरी कजरी गीतए पंजाबी गीतए बंगाली नृत्य सहित विभिन्न प्रस्तुतियां दी गईं। इसके साथ ही रस्सा-कस्सी, मटका दौड़, चममच दौड़ और तीन टांग दौड़ जैसी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिससे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा।यह आयोजन महिलाओं के आत्मविश्वासए एकता और सशक्तिकरण का प्रतीक बनकर उभरा तथा समुदाय विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम सिद्ध हुआ।

## News कॉर्नर

### चेक बाउंस मामला: सममनिंग आदेश के खिलाफ दायर याचिका को किया खारिज

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने चेक बाउंस होने से जुड़े मामले में निचली अदालत द्वारा जारी समनिंग आदेश पर हस्तक्षेप न करते हुए सममनिंग आदेश के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका हरिद्वार की संस्था अंतरिक्ष इंटरप्राइजेज द्वारा दायर की गई थी ।उनके खिलाफ पतंजलि आयुर्वेद द्वारा चैक बाउंस मामले में एक वाद हरिद्वार स्थित अपर मुखय न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में दायर किया है ।जिसके बाद कोर्ट ने अंतरिक्ष इंटरप्राइजेज के खिलाफ सममनिंग आदेश अप्रैल 2022 में जारी किए थे ।याची की ओर से कहा गया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट ने नियमों का पालन किए बिना सममनिंग आदेश जारी किया है जबकि प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता ने दलील दी कि चैक बाउंस के संपूर्ण साक्ष्य और अभिलेख निचली अदालत के समक्ष प्रस्तुत किए गए हैं। इन तर्कों के आधार पर न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकलपीठ ने निचली अदालत के आदेश पर हस्तक्षेप नहीं किया।

# अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार स्कूटी और 192 टेट्रा पैक बरामद

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके से देशी मसालेदार शराब की पेटियां बरामद कर वाहन सीज किए हैं।

कोतवाली पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक आरती मय हमराही कांस्टेबल अनिल गिरी अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु गश्त पर थे। प्रेम टाकीज गेट के सामने एक स्कूटी संख्या यू के04 जी 3342 सवार युवक पुलिस को देखकर वापस मुड़कर भागने लगा। शक होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे रोक लिया।

पूछताछ में युवक ने अपना नाम मोहित कश्यप निवासी राजेंद्रनगर, राजपुरा, बताया। तलाशी लेने पर स्कूटी में रखे देशी मसालेदार शराब की दो पेटियां बरामद हुईं। एक पेटी में 48 पाउच माल्टा तथा दूसरी में 48 पाउच अंगूर मसालेदार देशी शराब पाई गई।



आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह मोहल्ले में बिक्री हेतु शराब ले जाकर बेचता है। पुलिस ने आरोपी को आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर स्कूटी को सीज कर दिया। उधर मुखानी क्षेत्र में उपनिरीक्षक विरेन्द्र चन्द मय पुलिस टीम गश्त पर थे। गैस गोदाम रोड से छड़ायल चौराहे की ओर चेकिंग के दौरान सिकन्दर टिम्बर के पास एक व्यक्ति पुलिस को देखकर संदिग्ध रूप से भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम विकास कुमार निवासी प्रेमपुर लोशयानी, मुखानी बताया। उसके इशारे पर वंशिका फास्ट फूड की सीढ़ियों के नीचे रखी चार भूरे रंग की गत्ते की पेटियां बरामद की गईं। पेटियों में 192 टेट्रा पैक पाए गए। पुलिस ने उसे आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया।

दोनों मामलों में पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए। न्यायलय में पेश किया है पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध अभियान जारी रखने की बात कही है।

# नजूल भूमि पर फिर अतिक्रमण नगर निगम की सख्त कार्रवाई

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

क्षेत्र में नजूल भूमि पर अतिक्रमण के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला राजपुरा टनकपुर रोड का सामने आया है, जहां ढाई वर्ष पूर्व नगर निगम द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि पर दोबारा कब्जे की कोशिश की गई। मामले की जानकारी मिलते ही नगर निगम प्रशासन हरकत में आया और मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटा दिया

नगर आयुक्त परितोष वर्मा राजपुरा टनकपुर रोड स्थित गौशाला के निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने शिकायत दर्ज कराई कि एक व्यक्ति नगर निगम की नजूल भूमि पर पार्किंग स्थल बनाने की तैयारी कर रहा है। आरोप है कि करीब 2100 वर्गफुट भूमि पर कब्जे की नीयत से दीवार खड़ी कर गेट भी स्थापित कर दिया गया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त ने तत्काल मौके का निरीक्षण किया और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।



नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए नजूल भूमि से अवैध निर्माण को हटाया। इस दौरान अतिक्रमणकारी द्वारा हल्का विरोध भी किया गया, लेकिन प्रशासन की सख्ती के आगे उसकी एक न चली। निगम की टीम ने भूमि को पुन: अपने कब्जे में लेकर स्पष्ट संदेश दिया कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नगर निगम अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि शहर में नजूल भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा और दोषियों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जिला न्यायालय नैनीताल की सुरक्षा सवालों के घेरे में

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिला कोर्ट को दो बार मेल में बम से उड़ाने की धमकी के बाद भी पुलिस जिला कोर्ट नैनीताल में सुरक्षा के पुखता इंतजाम नहीं कर पाई है। कोर्ट के अंदर प्रवेश करने वाले 4 गेटों पर सुरक्षा के लिए पुलिस ने एक मेटल डिटेकटर लगाया है। पुलिस की मौजूदगी के बाद भी डोर फ्रेम मेटल डिटेकटर से गिने चुने लोग गुजर रहे हैं। अधिवकाओं ने भी पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

बता दें कि बीते सोमवार व मंगलवार को अज्ञात मेल से जिला जज की आधिकारिक मेल आईडी पर दो मेल आये हैं। जिसमें जिला कोर्ट को आरडीएक्स लगाकर उड़ाने की बात कही गई थी।

मेल के बाद कोर्ट परिसर समेत पूरे शहर में हड़कंप मच गया। लोग अब भी दहशत में हैं। कोर्ट कार्यालय लिपिक की शिकायत पर पुलिस ने दो मेलों के आधार पर दो अज्ञातों के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज कर दिए हैं। पुलिस की ओर से मामले में जांच भी की जा रही है। इधर आईजी रिद्धिम अग्रवाल व एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के अनुसार कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्थाएं चाक चौबन्ध कर दी गई हैं लेकिन

जब बुधवार को पड़ताल की गई तो पुलिस की बातें झूठी नजर आई। दोपहर एक बजे कोर्ट के मुखय गेट पर एक डोर फ्रेम मेटल डिटेकटर के साथ पुलिस बल तैनात किया गया था लेकिन उसमें से भी गिने चुने लोग ही गुजर रहे थे। जिसको ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी अनदेखा कर रहे थे। वहीं मुखय गेट के बगल में कमिश्नरी के गेट, कलेकट्रेट के सामने वाला गेट व तहसील से कोर्ट में प्रवेश करने वाले गेट पर न तो कोई पुलिस तैनात थी न ही कोई डोर फ्रेम मेटल डिटेकटर स्थापित किया था। जहां से हर कोई गेट के अंदर आ रहा था। वहीं अव्वक्ताओं का कहना है कि मामले में पुलिस की अनदेखी कोर्ट की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही है।

### लोगों की आवाजाही मुख्य गेट से ही कराई जा रही:सीओ

मामले में नैनीताल के सीओ रविकांत सेमवाल का कहना है कि चार गेटों में से लोगों की आवाजाही मुखय गेट से ही कराई जा रही है। अज्ञात लोगों की ही डोर फ्रेम मेटल डिटेकटर से चैकिंग की जा रही है। इसके अलावा एलआईयू व पुलिस फोर्स भी कोर्ट परिसर पर तैनात की गई है। जो संदिग्ध लोगों पर नजर रखने का कार्य कर रही है।

### यौन शोषण के आरोपी को हाईकोर्ट ने नहीं मिली राहत

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नाबालिक के साथ यौन शोषण के आरोपी नैनीताल के ठेकेदार उस्मान खान के जमानत प्रार्थनापत्र पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने उन्हें बुधवार को भी फिलहाल कोई राहत नही देते हुए अगली सुनवाई हेतु 24 फरवरी (मंगलवार) की तिथि नियत की है। बुधवार को मामले की सुनवाई न्यायमूर्ती आलोक कुमार महरा की खंडपीठ में हुई। मामले के अनुसार आरोपी उस्मान के खिलाफ आरोप दर्ज है कि उसने 12 साल की नाबालिक के साथ दुष्कर्म किया है।

# बिंदुखत्ता के राजस्व गांव मामले में सरकार बेहद गंभीर: सांसद भट्ट

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने कहा कि बिंदुखत्ता के राजस्व गांव मामले में सरकार इसके प्रति बेहद गंभीर है।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में परीक्षण कमेटी का गठन किया गया है,जिसमें सचिव वन, सचिव राजस्व व प्रमुख वन संरक्षक शामिल हैं, जिसकी पहली बैठक भी हो गई है। श्री भट्ट ने बताया कि मुख्यमंत्री और वन मंत्री से वार्ता भी हुई है जिसमें स्पष्ट रूप से मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बिंदुखत्ता के डीफॉरेस्ट की कार्रवाई के लिए परीक्षण कराई किये जाने को कमेटी गठित कर दी गई है। सांसद भट्ट ने कहा आज सरकार गंभीर है मेरे द्वारा भी लोकसभा सदन में बिंदुखत्त को राजस्व गांव बनाए जाने का मामला उठाया है। और वर्तमान में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई पहली बैठक में कमेटी में सचिव वन सचिव, राजस्व और वन विभाग के मुखिया सहित कई विभागों के अधिकारी इस संबंध में रिपोर्ट पेश करेंगे इसके पश्चात आगामी कैबिनेट में इसे रखा जाएगा और बिंदुखता राजस्व गांव बनाने के लिए सरकार केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजेगी। श्री भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी और वन मंत्री श्री सुबोध उनियाल से उनकी वार्ता भी हुई है और सरकार पूरी तरह बिंदुखता राजस्व गांव बनाने को लेकर गंभीर है। उन्होंने कहा कि हम सब यह जानते हैं कि मसला बेहद गंभीर है लेकिन उसके बावजूद सरकार पूरी क्षमता के साथ राजस्व गांव बनाने के लिए संकल्पबद्ध है।

# टैंपो, ई-रिक्शा चालकों को बड़े नंबर प्लेट लगाने के आदेश

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

मंजूनाथ टी.सी., एसएसपी द्वारा शहर में बढ़ती यातायात अनियमितताओं, दुर्घटनाओं, चोरी तथा अन्य आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

उन्होंने जगदीश चंद्र, एसपी ट्रैफिक नैनीताल को सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उक्त आदेश के अनुपालन में एसपी ट्रैफिक के पर्यवेक्षण में आज विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन महेश चंद्रा, निरीक्षक यातायात द्वारा किया गया, जिसमें टैंपो एवं ई-रिक्शा एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने टैंपो एवं ई-रिक्शा संचालकों को वाहनों के आगे और पीछे बड़े व स्पष्ट अक्षरों में नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगाने के लिए प्रेरित करें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इससे यात्रियों के सामान खोने या किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में वाहन चालक से तुरंत संपर्क स्थापित किया जा सकेगा। साथ ही, इस व्यवस्था से यातायात संचालन अधिक सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाया जा सकेगा।



**बैठक**

- हल्द्वानी में यातायात सुधार को सख्त निर्देश

बैठक के दौरान टैंपो एवं ई-रिक्शा एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रिंस आहूजा, उमेश चंद्र जोशी, देवीदत्त बहुगुणा, शेर सिंह बिष्ट, राजा आहूजा, गिरीश जोशी, सच्चिदानंद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्देशों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।